भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2015

जिसका उत्तर 09.12.2021 को दिया जाना है

एनएच-35 पर डिवाइडरों का निर्माण

2015. श्री आर.के सिंह पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बांदा और चित्रकूट जिले के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग -35 पर बैरिकेडिंग और डिवाइडर के निर्माण के लिए कोई कार्य योजना बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए किन-किन स्थानों की पहचान की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जी नहीं। एनएच को 4 लेन का बनाने के दौरान डिवाइडर दिया गया है। वर्तमान में एनएच-35 को 4 लेन करने का प्रस्ताव नहीं है। बांदा नगर में बैरिकेडिंग व डिवाइडर बनाने की कोई योजना नहीं है। चित्रकूट बाईपास के लिए डीपीआर सलाहकार नियुक्त किया गया है और डीपीआर का कार्यावन्यन किया जा रहा है।

*****